Date: 15.05.2024

प्रेस विज्ञप्ति (PGAT 2024-25)

इलाहाबाद विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा PGAT आयोजित करने जा रहा है। निम्नलिखित जानकारी आवेदकों के लिए सहायक होगी:

1. PGAT 2024-25 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 16 मई 2024 से शुरू होगा।
2. पंजीकरण और आवेदन पत्र को जमा करने की अंतिम तिथि 5 जून 2024 होगी।
3. आवेदक https://aupravesh2024.cbtexam.in के माध्यम से या विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.allduniv.ac.in) पर उपलब्ध PG Admission-2024 लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण करा सकेंगे।
4. प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि जून 2024 का तीसरा सप्ताह होगा और परिणाम जुलाई 2024 के पहला सप्ताह तक घोषित किए जाएंगे। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग जुलाई 2024 के तीसरा सप्ताह से शुरू होगी।
5. PGAT 2024-25 निम्नलिखित पीजी पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित किया जाएगा : PGAT-I (LL.B., M.Com. और LL.M.सहित 32 पाठ्यक्रम) और PGAT-II (B.Ed., M.Ed., MBA (RD) और MBA सहित 24 पाठ्यक्रम) के अलावा IPS के व्यावसायिक पाठ्यक्रम (M.C.A., M.Sc. Food Tech., M.Voc. and Media Studies.)। आवेदकों को पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।
6. प्रवेश परीक्षा का पैटर्न और तरीका पिछले वर्ष के समान ही होगा। PGAT-I, LL.B., M.Com. और LL.M. के लिए प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी। PGAT-II और IPS पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा केवल ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी।
7. प्रवेश परीक्षा निम्नलिखित शहरों में विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी:

   ऑनलाइन और ऑफलाइन (दोनों) : उत्तर प्रदेश में प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, बरेली और नई दिल्ली।

   केवल ऑनलाइन : भोपाल, कोलकाता, पटना और तिरुवनंतपुरम।
8. PGAT 2024-25 में सभी पाठ्यक्रमों के लिए अधिकतम अंक 300 होंगे जिसमें केवल 150 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) होगें। **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा।**
9. आवेदक प्रवेश परीक्षा से एक सप्ताह पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। वैध प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र के बिना किसी भी आवेदक को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदकों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों के अलावा किसी भी स्थिति में अन्य परीक्षा केन्द्रों में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
11. मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, गैजेट, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण किसी भी लिखित या मुद्रित कागजात का उपयोग निषिद्ध है और इसे अनुचित साधन माना जाएगा।
12. विस्तृत विवरण के लिए https://aupravesh2024.cbtexam.in या **PG Admission-2024** लिंक www.allduniv.ac.in इलाहाबाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाए।

Jayanta Kumar Pati 15/05/2024

प्रो0 जयंत कुमार पती

निदेशक, प्रवेश 2024

निदेशक प्रवेश-2024
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
Director Admission-2024
University of Allahabad, Prayagraj